मेरे प्रिय नेता राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी हैं। उनका जन्म 2 अक्तूबर, 1869 में हुआ। पढ़-लिखकर वे एक वकील बने। दक्षिण अफ्रीका में उन्होंने देखा कि अंग्रेज भरवेत लोगों पर कैसे-कैसे अत्याचार करते हैं। उन्होंने उसका विरोध किया तथा भारत लौटकर वह भारत को आजादी दिलाने के लिए संघर्ष में जुट गए। उन्होंने सत्य और अहिंसा को अपना हथियार बनाकर कई बड़े आंदोलन चलाए। अंत में 15 अगस्त, 1947 को अंग्रेजों को भारत को आजाद करना पड़ा। 30 जनवरी 1948 को उनकी हत्या कर दी गई।

(2)

(क) शिष्टाचार

हमारे सामाजिक जीवन में शिष्टाचार का बहुत महत्व है। मनुष्य का व्यवहार ही उसके चरित्र व स्वभाव का दर्पण होता है। हमारा शिष्ट आचरण ही हमारे लिए प्रगति के द्वार खोलता है। मनुष्य आचरण से ही पहचाना जाता है आजकल विद्यालयों में शिष्टाचार की शिक्षा पर काफी बल दिया जाता है। बड़ों का आदर व छोटों से नम्रता पूर्वक व्यवहार भी शिष्टाचार का ही अंग है। बल्कि जीवन में किसी भी क्षेत्र में हमें शिष्ट व्यवहार ही करना चाहिए जिससे हमारे मित्रों में वृद्धि हो अशिष्ट व्यवहार से तो शत्रु ही बढ़ेंगे।

(ख) मेरी अभिलाषा

लोग बड़ी-बड़ी अभिलाषाएँ रखते हैं, परंतु मेरी छोटी-सी अभिलाषा है-दुखियों की सहायता करने की। खास उन लोगों के साथ समय बिताने की जिनके साथ कोई समय बिताने वाला नहीं होता, वे बुजुर्ग जो अकेलेपन को झेलते हैं। जिनका दुर्बल शरीर काम नहीं कर पाता यहीं चाह है उनकी सेवा की जाए उन्हें आराम दिया जाए उनके बुझे चेहरे की मुस्कान मेरे दिल को राहत देती है। उनके प्यार भरे आर्शीवाद का मुकाबला पूरे जहान की दौलत नहीं कर सकती ।

(ग) मेरी माँ

किसी ने ठीक ही कहा है, माँ ही गंगा, माँ ही यमुना, माँ ही तीरथ धाम। माँ ममता की प्रतिमूर्ति होती हैं। स्वयं कष्ट उठाकर भी संतान को सुख देती है। स्वयं न खाकर उसे खिलाती हैं। रातों को जागकर संतान की देखभाल करती है। उसकी सारी बालाएँ अपने सर लेती है। अच्छे संस्कार देती है। मेरी माँ भी ऐसी ही ममता की प्रतिमूर्ति है जिन्हें पाकर मेरा जीवन धन्य हो गया। माँ मैं तुम्हारे चरणों में नतमस्तक हूँ।

(घ) चिड़ियाघर

चिड़ियाघर बच्चों के लिए विस्मय से भरा स्थान होता हैं। यहाँ उन्हें विभिन्न प्रकार के जानवर व पक्षी देखने को मिलते हैं। ऐसे पशु जिन्हें वे सिर्फ कहानियों के द्वारा ही जानते हैं नजदीक से देखने को मिलते हैं। शेर चीता, भालू, हिरन, हाथी, कंगारू, चिम्पैंजी, जिराफ, गैंडा और अजगर जैसे विशालकाय पशु वे अपने सामने देख सकते हैं और पूर्ण सुरक्षित रूप में साँप जिसके नाम से ही कंपकपी हो जाती हैं उन्हे वहाँ सामने देख पाना। बंदरों को मूँगफली व केले खिलाना कितना आनंदायक होता है। बस चिड़ियाघर बड़ा होने के कारण थका अवश्य देता है।

(ङ) क्रिकेट का खेल

क्रिकेट एक बहुत ही लोकप्रिय खेल है। क्रिकेट मैच को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ती हैं। यह खेल बहुत ही रोमांचकारी होता है। टेलिविजन पर इसे देखने के लिए लोग एकत्रित होते हैं और इतने लीन हो जाते है कि खाने की सुध नहीं रहती। प्रत्येक व्यक्ति 'स्कोर' जानने को उत्सुक रहता हैं।

पहले इसके पाँच दिवसीय मैच ही होते थे परंतु अब एक दिवसीय मैच अधिक लोकप्रिय हैं, क्योंकि लोगों के पास समय का अभाव रहता है। परंतु आजकल इस मैच में एक बुराई ने घर कर लिया हैं जिसे 'मैच' फिक्सिंग के नाम से जाना जाता है। इससे खिलाड़ियों की लोकप्रियता और क्रिकेट के भविष्य पर बुरा असर पड़ सकता है। अच्छे पक्ष की ओर देखा जाए तो क्रिकेट सभी देशों में मित्रता को बढ़ावा देने वाला खेल है।

(च) मेरा विद्यालय

मेरे विद्यालय का नाम आदर्श विद्या मंदिर हैं। इसकी इमारत बहुत ही बड़ी और सुंदर है। खेलने के लिए बहुत बड़ा मैदान है छायादार पेड़ लगे हैं और प्रांगण में सुंदर फूलों के पौधे हैं।

हमारी प्रधानाध्यापिका जी बच्चों को बहुत ही प्यार करती हैं, परंतु अनुशासनहीनता उन्हें अच्छा नहीं लगता। हमारी अध्यापिकाएँ व अध्यापक महोदय बहुत ही विनम्र और कर्मठ हैं। यहाँ हमें शिष्टाचार व धर्म की भी शिक्षा दी जाती हैं। शरीर के स्वस्थ्य के लिए खेलों को महत्व दिया जाता है। शिक्षा में हमारा विद्यालय अग्रणी है। इस विद्यालय का विद्यार्थी होने पर मुझे गर्व है।

पाठ 24 कहानी लेखन

(1)

(क) अंगूर खट्टे हैं।

एक लोमड़ी सुबह से भोजन की तालाश में भटक रही थी। बहुत भटकी परंतु उसे कुछ न मिला। वह थकीं हारी लौट रहीं थी कि रास्ते में एक बाग में उसे अंगूरों के बड़े-बड़े गुच्छे नजर आए वह खुशी से झूम उठी। सोचा इतने रसीले अंगूर! अब तो जी भर कर खाऊँगी। परंतु जब निकट जाकर देखा तो अंगूरों के गुच्छे बहुत ऊँचे थे। वह बहुत देर तक उछल-उछल कर अंगूरों तक पहुँचने का प्रयत्न करती रही परंतु सफलता हाथ न लगी। दुखी होकर थक-हारकर वह लौट पड़ी और सोचने लगी छोड़ो नही खाने अंगूर बहुत खट्टे हैं। शिक्षा- जब मनुष्य अनेक प्रयत्न करके भी कुछ नहीं हासिल कर पाता तो वस्तु का ही दोष निकालता है।

(ख) एकता में बल है।

एक बार चिड़ियों का एक झुंड दाने की तलाश में निकला। एक जगह उन्हें भरपूर दाना नजर आया। उनकी मुखिया ने कहा चलो टूट पड़ो। वे सब नीचे उतरकर फूरती से दाना चुगने लगी। तभी उन्हें एहसास हुआ कि वे जाल में फस गई हैं। अब क्या करें? तभी अचानक उनकी मुखिया ने कहा-सब पूरी ताकत से मिलकर एक साथ जाल को लेकर उड़ चलो। जंगल में मेरा मित्र चूहा रहता है वह जाल को कुतरकर हमें आजाद कर देगा। सब मिलकर पूरी ताकत से जाल को ले उड़ी। जंगल में पहुँचकर चूहें के बिल के पार उतर कर शोर मचाया। चूहे ने देखा उसकी मित्र फँस गई हैं। उसने अपने सभी चूहे मित्रें को बुलाकर जाल को काट डाला और उन्हें आजाद कर दिया। इसीलिए कहते हैं एकता में बल है।

(ग) जैसे को तैसा

एक जंगल में सारस और लोमड़ी रहते थे जिनमें बहुत मित्रता थी। लोमड़ी ने एक बार सारस को अपने घर खाने का निमंत्रण दिया। सारस सरल स्वभाव का था उसने निमंत्रण स्वीकार कर लिया और नियत समय पर वहाँ पहुँच गया। लोमड़ी ने सारस का स्वागत प्रेम से किया। जब वे भोजन करने लगे तो लोमड़ी ने सब्जी की तरी एक चौड़ी थाली में परोस दी। सारस की चोंच लंबी होने के कारण वह तरी पीने में असमर्थ रहा। लोमड़ी जीभ से तरी चट कर गई। सारस चुप रहकर यह परिहास सह गया और भूखा ही घर लौट गया। अब उसने लोमड़ी को अपने घर भोजन के लिए दावत दी। लोमड़ी ने भी निमंत्रण स्वीकार किया और ठीक समय वहाँ पहुँच गई। सारस ने एक लंबी गरदन वाली बोतल में उबले हुए चावल डाल दिए और खाने के लिए सामने रखी। वह अपनी लंबी चोंच से चावल खाने लगा परंतु लोमड़ी मुँह देखती ही रह गई। अपने किए का फल भोगती लोमड़ी भूखी ही घर लौट गई। इसी को कहते हैं जैसे को तैसा।

(घ) बिल्ली के गले में घंटी कौन बाँधेगा

एक स्थान पर कुछ चूहे रहते थे। परंतु कुछ समय से एक उनमें से एक ने आतंक फैला था। जब भी वे अपने अपने बिलों से बाहर आते अचानक कहीं से एक बिल्ली आकर उन पर झपट पड़ती और दो-चार को अपना शिकार बना लेती। चूहों ने एक बैठक की और बिल्ली से बचने का उपाय सोचने लगे। एक चूहे ने एक बेहतरीन उपाय खोज़ निकाला। उसने कहा बिल्ली के गले में एक घंटी बांध देनी चाहिए जिससे उसके आने की सूचना मिल जाए और वे सर्तक हो जाएँ। इस उपाय को सबकी स्वीकृति भी मिल गई। परंतु अब समस्या यह थी कि बिल्ली के गले में घंटी बाँधें कौन ?

(2)

(क) ईमानदार लकड़हारा

एक लकड़हारा नदी के किनारे पेड़ काट रहा था कि अचानक उसकी कुल्हाड़ी हाथ से छूटकर नदी में गिर गई कुल्हाड़ी खो देने पर वह रोने लगा उसे दुखी देख जल-देवता को उस पर तरस आ गया। वे बाहर आए और उससे पूछा 'तुम क्यों रो रहे हो' लकड़हारे ने कहा मैं गरीब आदमी अब अपने परिवार का भरण-पोषण कैसे करूँगा। जल देवता ने एक सोने की कुल्हाड़ी निकाल कर उससे पूछा-"यह है तुम्हारी कुल्हाड़ी" लकड़हारा ईमानदार था उसने मना कर दिया। फिर उन्होने चाँदी की कुल्हाड़ी निकाली। लकड़हारे ने उसे भी मना कर दिया अंत में जब उन्होंने लोहे की कुल्हाड़ी निकाली तब वह खुशी से उछल कर बोला-"हाँ यही है मेरी कुल्हाड़ी" जल देवता ने उसकी ईमानदारी से प्रसन्न होकर तीनों कुल्हाड़ियाँ उसे दे दी।

(ख) बुद्धिमान बकरियाँ

एक नदी के दोनों किनारों पर गाँव बसे थे। नदी पर एक पतला-सा पुल बना था जो दोनों गाँवों को जोड़ता था। एक दिन दो बकरियाँ पुल पर आमने-सामने टकरा गईं। अब वे पुल कैसे पार करें। एक को तो लौटना पड़ता क्योंकि पुल इतना पतला था कि एक समय पर एक ही प्राणी उस पर चल सकता था। बकरियाँ समझदार थी वे आपस में झगड़ी नहीं। जरा देर रुककर उन्होंने सोचा और फिर एक बकरी पुल पर लेट गई। दूसरी बकरी उसके उपर से निकल कर पार हो गई। इस प्रकार बुद्धिमता और शांति से दोनों एक साथ पुल पार चली गई।

(ग) चूहा और शेर

एक बार एक शेर जंगल में शिकार के लिए निकला। कुछ देर घूमकर वह एक पेड़ के नीचे विश्राम करने लगा। एक चूहा उसके ऊपर उछल-उछल कर खेलने लगा। उसका इस प्रकार खेलना शेर को अच्छा लगा। उससे शेर की मित्रता हो गई। वे दोनों अक्सर वहीं मिलते व खेलते थे।

एक शिकारी ने मौका देख वहाँ जाल बिछा दिया। उस दिन शेर उस जाल में फँस गया। चूहे ने जब अपने मित्र को जाल में फँसा देखा तो झट से जाल को कुतर कर अपने मित्र को आजाद करा दिया और शिकारी देखता ही रह गया। किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए।

(3) **माँ**

एक स्त्री को संतान न होती थी इससे दु:खी हो उसने किसी और स्त्री के बच्चे को उठा लिया। वह बहुत कोशिश करने पर भी पुलिस से बच नहीं पाई और पकड़ी गई उसे न्याय के लिए राजा के दरबार में पेश किया गया दोनों स्त्रियों ने दरबार में बच्चे को अपना-अपना बताया। राजा यह जानकर आश्चर्य में पड़ गया। राजा ने फैसला दिया कि बच्चे के दो टुकड़े करके दोनों को आधा-आधा बाँट दो। बच्चे की असली माँ बिलख-बिलख कर रोने लगी और उसने कहा- "बच्चे के टुकड़े मत करो, दूसरी स्त्री को ही दे दो।" यह सुन राजा ने बच्चे की असली माँ को पहचान लिया और बच्चा चुराने के अपराध के लिए दूसरी स्त्री को दंडित किया गया।

पाठ 25 पत्र लेखन

(1) सेवा में,
प्रधानाचार्य महोदय,
राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,
तिलक नगर, नई दिल्ली,
विषय- आर्थिक सहायता के लिए आवेदन
आदरणीय महोदय,
मैं आपके विद्यालय का छठी 'अ' कक्षा का छात्र हूँ। पिछले चार वर्षों से प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्तीर्ण होता आया हूँ। आज एक विशेष उद्देश्य से आपको यह पत्र लिख रहा हूँ। महोदय, मेरे पिता जी एक व्यापारी हैं। पिछले कुछ समय से अस्वस्थ रहने के कारण व्यापार का काम सही ढंग से न कर पाने के कारण आर्थिक स्थिति कुछ ठीक नहीं चल रही। मेरी एक छोटी बहन भी है। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण पिता जी चाहते हैं कि मैं स्कूल छोड़ कर उनका हाथ बटाऊँ। परंतु मैं अभी पढ़ना चाहता हूँ। मेरी शिक्षा तभी जारी रह सकती है यदि आप मेरी सहायता करें। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि इस वर्ष भी अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करूँगा।
धन्यवाद।
आपका आज्ञाकारी शिष्य
नमन
कक्षा - छठी 'अ'
अनुक्रमांक - 12
दिनांक - 11 जून 20..../.....

(2) 5032/3, संत नगर
करोल बाग, नई दिल्ली-110005
26 मार्च 20.....
प्रिय मित्र मधुर,
सप्रेम नमस्कार।
कल विद्यालय से लौटने पर डाकिए द्वारा एक छोटा-सा पैकेट मिला। बाहर ही तुम्हारा नाम पढ़कर मेरे हर्ष की सीमा न रही। पैकेट खोलने पर उसमें से अपने लिए ज्ञानवर्धक पुस्तकें पाकर मैं बेहद प्रसन्न हुआ। मेरे जन्म दिवस पर इतना सुंदर उपहार जो तुमने भेजा है उसके लिए तुम्हारा किन शब्दों में धन्यवाद करूँ समझ में नही आ रहा। घर में सभी को यह उपहार पसंद आया। मेरे जन्मदिन को याद रखने व समय पर उपहार भेजने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।
तुम्हारा मित्र
निकुँज।

(3) 1/19, हौज खास
नई दिल्ली- 110016
प्रिय राहुल,
तुम्हारे पत्र से ज्ञात हुआ कि तुम्हारी पढ़ाई बहुत अच्छी चल रही है। सभी विषयों में तुमने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। हमें तुम पर गर्व है। परंतु तुम्हें अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम अत्यावश्यक हैं। तुमने सुना ही होगा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। अत: थोड़ा समय व्यायाम के लिए भी निकालो। व्यायाम से शरीर हष्ट-पुष्ट रहता है। बीमारी आसानी से नहीं घेरती और दिनभर चुस्ती-फुरती रहती है। जीवन में चहुँमुखी विकास के लिए खेल और व्यायाम से तन, मन और मस्तिष्क का ही विकास नही होता, बल्कि जीवन संतुलित हो जाता है।
अत: मेरी सलाह यही है कि पढ़ाई के साथ-साथ व्यायाम को भी अपने जीवन का अंग बनाओ। मेरी ईश्वर से यही प्रार्थना है कि तुम तरक्की करो। खुश रहो।
तुम्हारा भाई
निखिल

(4) 1/19, हौज खास
26 मई 20.....
पूजनीय माता जी,
सादर प्रणाम।

आपका पत्र प्राप्त हुआ जानकर खुशी हुई कि घर पर सब सकुशल हैं। आपको मेरे विद्यालय में हुए खेल समारोह के विषय में जानने की उत्सुकता है अत: मैं आपको उसके विषय में बता रहा हूँ।

मेरे विद्यालय में 1 सितंबर को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इस दिन की तैयारी बहुत पहले से जोर शोर से आरंभ हो जाती है। इसमें खेलों में रूचि लेने वाले सब 400 मीटर की दौड़, लाँग जम्प, बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट, तैराकी आदि खेलों में प्रतियोगिता हुई थी। मैंने भी क्रिकेट में भाग लिया था। इस दिन सब बच्चों में रोमांच तथा कौतुहल भरा हुआ था। एक बड़े मंच पर प्रधानाचार्य जी और अतिथिगण बैठे थे। हर स्थान पर अलग-अलग परीक्षक बैठाये गये थे। मैं खेल में विजयी रहा। सभी ने मेरी प्रशंसा की। खेल दिवस में सारा दिन चहल-पहल रही। मैंने अपना खेल पूरा होने पर अन्य प्रतियोगियों के खेलों का आनंद लिया। सबके खाने-पीने का भी बहुत अच्छा प्रबंध था। बच्चों के अभिभावकों ने भी खूब सराहना की। आप भी यहाँ होते तो कितना अच्छा लगता। पिता जी को मेरा प्रणाम। नीलू को बहुत-बहुत प्यार।

आपका पुत्र

नीलेश

(5) ई 1914, सेवा नगर,

नई दिल्ली,

दिनांक: 12 मई 20.....

प्रिय दीपक,

मेरे जन्मदिन वाले दिन ही कोरियर से एक पैकेट मिला। जिसे खोलने पर कैमरा जो कि तुमने मुझे उपहार स्वरूप भेजा है। इसके लिए मैं किन शब्दों में तुम्हारा धन्यवाद करूँ। घर में सभी को उपहार बहुत पसंद आया। मैं तो बेहद खुश हूँ इसे पाकर। तुमने मेरे जन्मदिवस को याद रखा इसके लिए धन्यवाद। इतना उपयोगी उपहार भेजने के लिए एक बार फिर से धन्यवाद। चाचा जी और चाची जी को मेरा प्रणाम कहना और चिंटू को बहुत बहुत प्यार।

तुम्हारा अभिन्न मित्र

मोहित

(6) 28 बी, दयाल पार्क

जनकपुरी, नई दिल्ली।

दिनांक- 24 मई 20.....

प्रिय हिमांशु,

कल तुम्हारे चाचा जी से भेंट होने पर पता चला कि तुम आठवीं की परीक्षा में असफल हो जाने के कारण निराश व उदास हो। तुम तो बहुत हिम्मत वाले हो फिर निराश क्यों? मैं जानता हूँ कि तुम्हारे पिता जी ने तुम्हें दो महीने टायफाइड से पीड़ित रहने के कारण परीक्षा देने से मना किया था। परंतु तुम हठ करके परीक्षा देने गए घर में सबने तुम्हारे उत्साह को भंग नहीं करना चाहा अत: मान गए।

चाचा जी कह रहे थे कि तुम्हारे अध्यापक व प्रधानाचार्य जी से तुम्हारे बाबू जी की बात हो गई है। उन सभी का मत है कि अगले महीने वे तुम्हारी फिर से परीक्षा लेंगे। तुम अवश्य सफल हो जाओगे मेरा विश्वास है। अब निराशा छोड़ तैयारी में जुट जाओ। मेरी शुभकामनाएँ सदा तुम्हारे साथ हैं। माँ व पिता जी को चरण वंदना तथा तुम्हें ढेर सारा प्यार।

तुम्हारा मित्र

तरूण

(7) 172, नीलगिरी अलकनंदा,

नई दिल्ली।

15 मई 20.....

प्रिय स्नेहा,

सप्रेम नमस्कार।

तुम्हें यह जानकर प्रसन्नता होगी कि मेरी दीदी नेहा का विवाह दिनांक 25 अगस्त 20..... होना निशिचित हुआ हैं। मांगलिक कार्यक्रम 22 अगस्त से आरंभ हो जाएँगे। मेरी हार्दिक इच्छा है कि तुम इस शुभ अवसर पर आकर मेरी खुशी को दुगुना कर दो। पिता जी ने तुम्हें सपरिवार पधारने का आग्रह किया है इतना समय पहले इसलिए पत्र लिख रही हूँ कि तैयारी कर लेना व समय पर आ जाना। तुम्हारी प्रतीक्षा रहेगी। घर में सबको यथायोग्य अभिवादन कहना।

तुम्हारी सखी

नीहारिका

(8) ई 1914 सेवा नगर

नई दिल्ली।

दिनांक- 15 अप्रैल 20.....

प्रिय दिनेश,

सप्रेम नमस्कार।

आज ही विद्यालय में पता चला कि ग्रीष्मावकाश 10 मई से प्रारंभ होगा। पिता जी ने गरमी की छुट्टी में शिमला जाने का कार्यक्रम बना लिया है। मैं चाहता हूँ कि इस बार तुम भी हमारे साथ शिमला चलो। बड़ा आनंद आएगा। खूब मस्ती करेंगे। हम वहाँ पंद्रह दिन रूकेंगे। मेरे मामा जी वहीं रहते हैं अत: वहाँ रूकने की भी समस्या नहीं है। दिल्ली की गरमी व लू से भी बचे रहेंगे। शिमला की शांत और खूबसूरत वादियों में घूमेंगे और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेंगे। मामा जी के सरल एवं स्नेही परिवार से मिलकर तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा। मुझे आशा है कि तुम हमारे साथ चलना अवश्य पसंद करोगे। मित्र, पत्र का उत्तर शीघ्र देना, ताकि तुम्हारा भी रेल आरक्षण करवाया जा सके। घर में सभी को यथायोग्य अभिवादन कहना।

तुम्हारा अभिन्न मित्र,

रोहित।

पाठ 26 निबंध लेखन

(1)

(क) इंटरनेट की उपयोगित

इंटरनेट ने विश्व में जैसा क्रांतिकारी परिवर्तन किया वैसा किसी भी दूसरी तकनीक ने नहीं किया। इंटरनेट दूर बैठे उपभोक्ताओं के मध्य संवाद का माध्यम हैं। यह किसी भी सूचना को विश्व स्तर पर प्रकाशित करने का माध्यम हैं। आज अरबों लोग विभिन्न कार्यों के लिए इंटरनेट का प्रयोग कर रहे हैं। दुनिया के अधिकतर हिस्सों से इंटरनेट से जुड़ना संभव हैं। किसी भी देश में किसी भी कंपनी से तुरंत संपर्क हो सकता है। ई-मेल अभी तक सबसे लोकप्रिय और संचार के केंद्र में क्रांति लाने वाला उपयोग हैं। यह अन्य संचार साधानों की तुलना में सस्ता, तेज रफ्तार और सुविधाजनक माध्यम हैं।

इंटरनेट चैट व्यापक रूप से लोकप्रिय हैं। यह एक बहुउपयोगी गतिविधि है जिसके द्वारा भौगोलिक रूप से पूरे दूर दराज के स्थानों पर बैठे व्यक्ति एक ही चैट सर्वर पर लॉग करके 'की बोर्ड' की सहायता से एक दूसरे से चर्चा कर सकते हैं। सोशल नेटवर्किंग वेबसाइटों ने तो दुनिया में धूम ही मचा दी है। आर्थिक गतिविधियों को संचालित करने में नेट की बढ़ती लोकप्रियता का एक प्रमाण सैंकडो की संख्या में डॉट कॉम, डॉट ऑर्ग, डॉट इंफो इत्यादि कंपनियों का उदय है।

सभी विषयों के इन्साइक्लोपीडिया सभी देशों के मानचित्र, संस्कृति इतिहास, साहित्य और जो कुछ भी हम जानना चाहते हैं उन सब की सूचना इंटरनेट से उपलब्ध है। रेल यातायात के टिकट से लेकर यातायात, विमान यातायात के टिकट से लेकर बैकिंग सुविधाओं तक सभी कुछ आज इंटरनेट के माध्यम से ही हो रहा हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं के आवेदन पत्र और रिजल्ट की भी जानकारी नेट पर उपलब्ध हैं। नेट ने मानव के सभी कार्यों को अदभुत गति प्रदान की हैं। नेट का भविष्य उज्ज्वल है।

(ख) खेलों की उपयोगिता

एक स्वस्थ दिमाग, स्वस्थ शरीर में रहता है। राष्ट्र का मतलब क्या है? क्या यह बैंकों में पड़ा सोना या वहाँ के नागरिकों का जीवन स्तर है? यह वहाँ के नागरिकों का स्वास्थ्य है।

एक व्यक्ति स्वथ्य कैसे रह सकता है? इस प्रश्न का उत्तर खेल-कूद के रूप में मिल सकता है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलों का बहुत अधिक महत्व है। खेलों की इसी उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए खेलों को शिक्षा प्रणाली का अभिन्न अंग बनाया गया है।

खेल व्यक्ति को नीरोग तथा मोटा-तगड़ा तो बनाते ही हैं साथ ही उसे मानसिक तौर पर भी सशक्त बनाते हैं। खेल मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते हुए व्यक्ति को साहसी तथा जागरूक भी बनाते हैं। आजकल क्रिकेट, फुटबॉल, टैनिस जैसे खेलों के खिलाड़ी न केवल अपने लिए अपितु अपने देश के लिए भी नाम, प्रसिद्धि और धन कमा रहे हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि खेल-कूद मनुष्य और राष्ट्र के जीवन मे महत्वपूर्ण कार्य करता है।

स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है। 'पराधीन सपने हूँ सुख नाही'। पराधीन व्यक्ति स्वप्न में भी सुख का अनुभव नहीं कर पाता। हमारे देश को एक लंबे समय तक पराधीनता से मुक्त कराने के लिए अनेक वीरों ने अपना बलिदान दे दिया। उन्हीं महान वीरों का बलिदान रंग लाया और 15 अगस्त सन् 1947 के दिन भारत अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुआ। इसी दिन को "स्वतंत्र दिवस" के रूप में मनाया जाता है।

15 अगस्त 1949 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू ने दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर तिरंगा झंडा फहराया था तब से यही परंपरा चली आ रही है इस दिन सार्वजनिक अवकाश रहता है। यह राष्ट्रीय पर्व देश के कोने-कोने में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, परंतु राजधानी दिल्ली में यह विशेष उत्साह से मनाया जाता है। पूरे देश में स्थान-स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है, प्रभात फेरियाँ निकाली जाती हैं और देश के महान शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित की जाती है। लाल किले पर प्रतिवर्ष वर्तमान प्रधानमंत्री द्वारा झंडा फहाराने से रस्म शुरू होती है, फिर प्रधानमंत्री भाषण देते है और स्वतंत्र को सुरक्षित रखने का प्रण करते हैं।

स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनैतिक स्वतंत्रता ही नहीं अपितु मानसिक और सास्कृतिक स्वतंत्रता भी हैं। हमारा कर्तव्य हैं कि हम इस स्वतंत्रता को आक्षरण बनाए रखें। हम कोई ऐसा काम न करें जिससे देश के सम्मान और आत्म गौरव को ठेस पहुँचे बल्कि तन मन धन से देश की स्वतंत्रता को बनाए रखें क्योकि देश की स्वतंत्रता ही हमारी स्वतंत्रता है।

मेरा प्रिय नेता

मेरे प्रिय नेता महात्मा गांधी हैं। उन्हें राष्ट्रपिता के नाम से जाना जाता है। उनका जन्म 2 अक्तूबर 1869 में गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था। बचपन में वह एक सामान्य विद्यार्थी थे, मगर भविष्य में एक प्रसिद्ध वकील बनें।

उन्होंने अपनी वकालत की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका में की। अफ्रीका में उन्होंने देखा कि अंग्रेज काले अफ्रीका लोगों पर बहुत अत्याचार करते थे। इसलिए उन्होनें अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई। सन् 1915 ई. में वह भारत लौटे। भारत आकर उन्होंने अपने सत्य और अहिंसा से सबको प्रभावित किया। उन्होंने हाथ से बुने कपड़ों पर जोर दिया वे अखिल भारतीय कांग्रेस के नेता बन गए। सत्य तथा अहिंसा के बल पर उन्होंने अनेक आंदोलन चलाएँ ताकि अंग्रेज भारत को छोड़कर चले जाएँ। उनके संघर्ष तथा प्रेरणा के फलस्वरूप भारत 15 अगस्त, 1947 को आजाद हो गया।

यह बड़े शर्म की बात है कि 30 जनवरी, 1948 आजादी के एक साल बाद अपने ही देश के वासी ने उनकी हत्या कर दी।

नोटबंदी

सरकार पुरानी मुद्रा को कानूनी तौर पर बंद कर देती है और नई मुद्र लाने की घोषणा करती है तो इसे नोटबंदी या विमुद्रीकरण कहते हैं। 8 नवंबर, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 1000 तथा 500 रुपए के नोट बंद करने की घोषणा की थी।

उन्होंनें काला धन, भ्रष्टाचार, नकली नोट और आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए यह फैसला लिया था। अवैध गतिविधियों में संलग्न लोग नोटों को अपने पास ही रखते हैं। नोटबंदी से ऐसे लोगों पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

हालांकि नोटबंदी के चलते आम आदमी को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। केंद्र सरकार ने नकद लेन-देन को हतोत्साहित करने की पूरी कोशिश की। इससे पहले भारत में कई बार नोटबंदी के प्रयास किए गए थे। सन् 2005 में मनमोहन सरकार ने 500 के 2005 से पहले के नोटों का विमुद्रीकरण कर दिया था।

प्रदूषण की मार

प्रदूषण का अर्थ हैं:- वातावरण या वायुमंडल का अस्वस्थ होना तथा उसके संतुलन का डगमगा जाना। विकास और व्यवस्थित जीवन के लिए जीवों को संतुलित वातावरण की आवश्कता होती हैं। जब वातावरण में हानिकारक घटकों का प्रवेश होता है तब वातावरण प्रदूषित हो जाता है जिसे प्रदूषण कहा जाता है।

प्रदूषण तीन प्रकार का होता हैं।- वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और भूमि प्रदूषण। वायु मंडल में विशेष प्रकार की गैसें एक विशेष अनुपात में होती हैं जब यह संतुलन बिगड़ जाता है तो वायु दूषित हो जाती है। इसी प्रकार जल में जब अशुद्धियाँ मिल जाती हैं तो जल प्रदूषित हो जाता है। आजकल अधिक पैदावार के लिए जब कीटनाशकों का अधिक प्रयोग किया जाता है तो रासायनिक प्रदूषण होता है। जो हमारे स्वास्थ्य पर बहुत घातक प्रभाव डालता है। ध्वनि प्रदूषण भी एक प्रकार का प्रदूषण है जो बड़े-बड़े नगरों में कल-कारखानों के जोर आदि के कारण होता है। कारखानों से निकलने वाले अवशिष्ट पदार्थ जल में बहाने पर जल प्रदूषित हो जाता है। भूमि पर पड़े कूड़े-कचरे के कारण भूमि-प्रदूषण होता है। आवास की समस्या को सुलझाने के लिए की जा रही वनों की कटाई भी वायु-प्रदूषण का मुख्य कारण है। प्रदूषण से श्वास, फेफड़ों संबंधी रोग, पेट तथा आँत के रोग, हैजा, पीलिया और ध्वनि-प्रदूषण से मानसिक तनाव, उच्च रक्तचाप, हृदय-रोग में भी वृद्धि हो रही है। यदपि प्रदूषण समस्या विश्वव्यापी है। तथापि वृक्षारोपण इसे रोकने का सर्वोत्तम उपाय है। वृक्ष हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं।

मेरा देश महान

"सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा।
हम बुलबुलें हैं इसकी, ये गुलसिता हमारा।।

भारत में विभिन्नता में एकता के दर्शन होते हैं। भारत का स्वरूप जितना भव्य और विशाल है, मन उतना ही उन्नत और उदार है। मेरा भारत महान है। भारत मात्र एक शब्द नहीं हर भारतीय के दिल की आवाज है। हर हिदुंस्तानी का गौरव है, उसका सम्मान है, उसकी पहचान है। भारत एक भू-भाग का नाम नहीं अपितु उस भू-भाग में बसे लोगों, उनकी संस्कृति, उनकी सभ्यता, उनके रीति-रिवाजों, उनके अमूल्य इतिहास का नाम है। इसके उत्तर में पर्वतराज हिमालय खड़ा हैं तो दक्षिण में अथाह समुद्र है। पश्चिम में रेगिस्तान की मरूभूमि हैं तो पूर्व में बंगाल की खाड़ी है। जहाँ एक ओर स्वर्ग के रूप में कश्मीर है तो दूसरी ओर सागर की सुंदरता लिए दक्षिण भारत। यहाँ अनेकों नदियाँ बहती है जो इसके स्वरूप को दिव्यता प्रदान करती है। ये नदियाँ प्रत्येक भारतीय के लिए माँ के समान पूजनीय है। भारत की सभ्यता समस्त संसार में सबसे प्राचीनतम हैं।

मेरा प्रिय त्यौहार

होली रंगो का त्यौहार है। जिसे हर धर्म के हर जाति के लोग मनाते हैं। यह हर साल फाल्गुन मास में मनाया जाता होली पर हम रंग बिरंगे रंगो से खेलते है। होली पर हम घर में बहुत सारे पकवान बनाते है। होली पर सभी के घरो में गुजिया बनाई जाती है। हर त्योहार की तरह इस त्योहार का मकसद भी धर्म, सम्प्रदा और जाति के बंधन खोलकर एकत्र होना और दुनिया भर में प्रेम का सन्देश देना है। इस दिन सभी अपने पुराने गिले शिकवे छोड़कर एक दूसरे के गले मिलकर गुलाल लगाते है।

हर साल होली के पहले दिन पूर्णिमा की रात को होलिका दहन की जाती है। होली के दिन सभी अपने घरो में पकवान बनाते है और रिश्तेदारें के घर जाकर एक दूसरे को रंग लगाते है। गुलाल कूरता प्रेम की, घंमड पर भक्ति की, अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। इसलिए इस पर्व पर सभी रंगो से खेल कर खुशियाँ मनाते है। इस पर्व पर हमें अपने भीतर की सभी बुराई को नष्ट कर देना चाहिए।

प्रश्न पत्र 1

(1) (क) देवनागरी (ख) गुरुमुखी (ग) फ़ारसी

(2) (क) अन्न, पन्ना (ख) चक्की, मक्का (ग) समतल, भूमितल (घ) चप्पा, अप्पा (ङ) रस्सी, कस्सी, (च) चम्मच, मम्मी

(3) (क) महोत्सव (ख) सदैव (ग) स्वागत (घ) देवेन्द्र (ङ) मनज (च) सत्जन

(4) (क) दुध (ख) सच (ग) आम (घ) घी (ङ) योगी (च) समान

(5) (क) व्यक्तिवाचक (ख) व्यक्तिवाचक (ग) भाववाचक (घ) जातिवाचक (ङ) भाववाचक

(6) (क) भापना (ख) भाईचारा (ग) बचपन (घ) लड़ाई (ङ) पूजन (च) हँसी

(7) (क) गायिका (ख) नायिका (ग) गाय (घ) इंद्र (ङ) शिष्य (च) गुरुजन

(8) (क) मेज़े (ख) आँखें (ग) मछलियाँ (घ) मज़दूरों (ङ) सतरे (च) रानियाँ

(9) (क) कर्ता कारक (ख) अधिकरण कारक (ग) करण कारक (घ) संप्रदान कारक

(10) (क) किसी वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते है। जैसे- मोहन, आगरा
(ख) जिन व्यक्तियों से किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोध हो उन्हें निश्चवाचक सर्वनाम कहते हैं तथा जिन सर्वनाम शब्दों से किसी निश्चित प्राणी, या वस्तु का बोध हो न हो उसे अनिश्चवाचक सर्वनाम कहते है।
(ग) संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध कराने वाले शब्दों को विशेषण कहते है। जैसे- छोटा, मोटा, काला आदि।

प्रश्न पत्र 2

(1) (क) कि (ख) लेकिन (ग) बच्चे (घ) और

(2) (क) के पीछे (ख) के निकट (ग) के सामने (घ) के बाद

(3) (क) ललिया, कालिया (ख) व्यय, चाय (ग) कान, मान (घ)लिखावट, बनावट
(ङ) सफलता, महानता (च) समापन उद्‌पन

(4) (क) अध्या पक (ख) परि क्रम (ग) कम जोर (घ) कु कर्म (ङ) अप मान

(5) (क) वह दिन रात पढ़ता है। (ख) क्या आप अभी तक सोए नहीं?
(ग) वाह! चमत्कार हो गया। (घ) सुमन रमन और चमन बहन भाई है।

(6) (क) नींद (ख) बीमार (ग) प्यार (घ) घर

(7) (क) मूर्ख बनाना। (ख) बहुत प्यारा। (ग) जोरों की भूख लगना। (घ) चुगली करना।

(8) 112, नमन विहार,
दिल्ली
दिनांक : 20 अगस्त, 20....
मित्र विकास
कई दिनों मैं तुमकों याद कर रहा था। कल स्कूल से लौटने पर डाकिया द्‌वारा मुझे एक छोटा-सा पैकेट मिला। मित्र, बाहर ही तुम्हारा नाम व पता देखकर हर्ष की सीमा न रही। पैकेट खोलने पर उसमें से मेरी पसंदीदा घड़ी निकली जो तुमने मुझे मेरे जीवन दिवस पर उपहार दी है। मुझे यह उपहार बहुत पंसद आया। मैं किन शब्दों से तुम्हारा धन्यवाद दूँ, समझ नहीं आ रहा। मेरा जन्मदिन याद रखना, ये बताता है कि तुम मुझे कितना स्नेह करते हो।
माँ और पिता जी की तरफ से ढ़ेर-सारा प्यार व छोटी बहन की तरफ से नमस्ते। एक बार फिर उपहार के लिए धन्यवाद।
तुम्हारा मित्र,
अमित